जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

17 फरवरी, 2025

प्रेस विज्ञप्ति

जामिया मिल्लिया इस्लामिया संकाय सदस्य को एनसीसी में असाधारण योगदान के लिए प्रतिष्ठित एडीजी पदक प्राप्त हुआ

नई दिल्ली: जामिया मिल्लिया इस्लामिया को यह घोषणा करते हुए खुशी है कि विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित एसोसिएट एनसीसी अधिकारी (एएनओ) फा. ऑफिसर (डॉ.) अमित कुमार को अनुकरणीय सेवा और समर्पण के लिए प्रतिष्ठित एडीजी पदक से सम्मानित किया गया है। डॉ. कुमार वर्तमान में रसायन विज्ञान विभाग में सहायक प्रोफेसर के रूप में सेवारत हैं और एनसीसी की एयर विंग, नंबर 1 दिल्ली एयर स्क्वाड्रन से जुड़े हैं।

दिल्ली निदेशालय में दिनांक 13 फरवरी, 2025 को आयोजित एक भव्य समारोह में डॉ. कुमार को पदक प्रदान किया गया। यह सम्मान एनसीसी और उनके मार्गदर्शन में कैडेटों के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता एवं सेवा का प्रमाण है।

जामिया मिल्लिया इस्लामिया बिरादरी एनसीसी की सेवा में आगे की सफलता के लिए अपनी हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती है।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया